(15)

## गोबिन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला ऊधम सिंह नगर

### विज्ञापन सं01/2018

विश्वविद्यालय के अधीन विभिन्न विभागों हेतु उपयुक्त भारतीय नागरिकों, जिनका उत्तराखण्ड के किसी सेवायोजन कार्यालय में आवेदनपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक पंजीकरण हो, निम्नलिखित अस्थाई पदो पर चयन हेतु नीचे दिये गये प्रारूप में (जो ए–4 कागज पर टंकित हो) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। विज्ञापन संख्या ।/2013 द्वारा विज्ञापित पदो के सापेक्ष जिनके द्वारा आवेदन किया गया है उन्हें उसी पद हेतु पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन पत्र के लिफाफे में ऊपर विज्ञापन सं0, पद का नाम व श्रेणी अंकित होनी चाहिए। आवेदन पत्र के साथ समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियॉं, जाति–प्रमाण पत्र (जो उत्तराखण्ड के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, उत्तराखण्ड के अन्य पिछड़े वर्ग हेतु उत्तराखण्ड शासन के निर्देशानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त एवं निर्धारित प्रारूप में हो) दो पासपोर्ट आकार के स्वप्रमाणित फोटो तथा इस विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक के पक्ष में स्टेट बैंक आफ इण्डिया, पन्तनगर (कोड सं0 1133) में भुगतान योग्य रू0 200.00 सामान्य/अन्य पिछडे वर्ग एवं रू0 100.00 अनु0 जाति/अनु0 जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु रेखांकित बैंक ड्राफ्ट द्वारा आवेदन शुल्क के साथ आवेदन पत्र दिनांक 22.11.2018 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए। आवेदन शुल्क वित्त नियंत्रक कार्यालय में नकद भी जमा किया जा सकता है। आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा।

अपूर्ण तथा अंतिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र भरने से पूर्व विज्ञापन को सावधानी पूर्वक पढ़ लें। वर्तमान में सेवारत कर्मचारी, यदि इच्छुक हों तो अपने आवेदन पत्र उचित माध्यम से ही प्रेषित करें। अभ्यर्थियों की आयु दिनांक 01.07.2018 को 18 से 42 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। (विज्ञापन संख्या ।/2013 द्वारा विज्ञापित पदो के सापेक्ष जिनके द्वारा आवेदन किया गया है उन अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के मध्य ही रहेगी)। विश्वविद्यालय के नियमित कर्मचारियों के लिए आयु सीमा में नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी। उत्तराखण्ड के अनु.जाति/अनु.जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को अधिकतम आयुसीमा में 5 वर्ष/समाज के दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 वर्ष/भूतपूर्व सैनिकों को उनके द्वारा सेना में की गई सम्पूर्ण सेवा अवधि तथा उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों हेतु अधिकतम आयुसीमा 50 वर्ष, शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी से निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने पर छूट प्रदान की जाएगी। उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश दिनांक 24.6.2011 के अंतर्गत ऊपरी आयुसीमा में केवल एक बार के लिए 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। विज्ञापन के संबध में किसी प्रकार के विवाद पर निर्णय जिला ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड के क्षेत्रान्तर्गत होगा। पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है तथा सक्षम नियुक्ति प्राधिकारी को इस सम्बन्ध में निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार होगा।

पदों का विवरण:–

| क्र0 सं0 | पद नाम | वेतनबैंड एवं ग्रेड वेतन/ वेतन मैट्रिक्स में स्तर | पदों की संख्या | आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनु0 जाति | अ0 ज0 जाति | अ0पि0व0 | सामान्य |
| 1 | अवर अभियन्ता, ग्रेड–।। | 5200–20200 +2800 (स्तर–5) | 22 (1 विद्युत अभि.,1मैकेनिकल अभि., 20जनपत (सिविल)अभियंत्रण | 3+2 महिला | – | 3 | 8+4 महिला, +1 भू.पू.सै. +1उ.ख. राज्य आंदोलनकारी |
| 2 | वायरमैन | 5200–20200 +1900 (स्तर–2) | 03 | 01 | – | – | 02 |
| 3 | एस0बी0ए0 (स्विच बोर्ड अटेंडेट) | 5200–20200 +1900 (स्तर–2) | 03 | 01 | – | – | 02 |
| 4 | फोरमैन, परिसम्पत्ति | 9300–34800 +4200 (स्तर–6) | 01 | – | – | – | 01 |
| 5 | मैकेनिकल सुपरवाईजर | 5200–20200 +2800 (स्तर–5) | 01 | – | – | – | 01 |
| 6 | चालक | 5200–20200 +1900 (स्तर–2) | 01 | – | – | – | 01 |
| 7 | कनिष्ठ भण्डारक | 5200–20200 +1900 (स्तर–2) | 05 | 01 | – | – | 04 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | कम्पाउण्डर | 5200–20200 +1900 (स्तर–2) | 01 | – | – | – | 01 |
| 9 | ट्रैक्टर आपरेटर | 5200–20200 +1900 (स्तर–2) | 02 | – | – | – | 02 |
| 10 | वास्तुविद सहायक | 9300–34800 +4200 (स्तर–6) | 03 | 01 महिला | – | – | 02 |
| 11 | फैरोप्रिंटर | 5200–20200 +2000 (स्तर–3) | 01 | – | – | – | 01 |
| 12 | जिल्दसाज | 5200–20200 +1900 (स्तर–2) | 04 | 01 महिला | – | – | 03 |
| 13 | फार्म पर्यवेक्षक | 9300–34800 +4200 स्तर–6) | 01 | – | – | – | 01 |
| 14 | बीज परीक्षण सहायक | 9300–34800 +4200 (स्तर–6) | 02 | 01 महिला | – | – | 01 |

नोटः–हॉरिजेन्टल आरक्षण के तहत चिन्हित पदों के विरुद्व यदि कोई अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी उपलब्ध नही होता/होती है अथवा उपयुक्त नहीं पाया जाता/जाती है तो इस दशा में ये पद अपनी मूल श्रेणी में उपलब्ध एवं उपयुक्त अभ्यर्थियों से भरे जायेंगे।

पदो हेतु न्यूनतम अर्हतायें:–

1. अवर अभियन्ता, सिविलः जनपत (सिविल) अभियन्त्रण में डिप्लोमा।
2. अवर अभियन्ता, विद्युतः विद्युत अभियन्त्रण में डिप्लोमा।
3. अवर अभियन्ता, मैकेनिकलः मैकेनिकल अभिन्त्रण में डिप्लोमा।
4. वायरमैनः कक्षा 8 उत्तीर्ण। इलैक्ट्रीकल/वायरमैन ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाणपत्र के साथ सम्बन्धित क्षेत्र में 03 वर्ष का कार्यानुभव।
5. एस0बी0ए0 (स्विच बोर्ड अटैंडेंट): इलैक्ट्रीकल/वायरमैन ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाणपत्र। (वांछनीयः सब स्टेशन या विद्युत कन्ट्रोल चैनल्स में 03 वर्ष का कार्यानुभव)
6. फोरमैन परिसम्पत्तिः अनिवार्य योग्यताः मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि तथा किसी सरकारी/अर्द्ध सरकारी प्रतिष्ठित संस्थान में परिसम्पत्तियों से सम्बन्धित कार्यों के निष्पादन का 2 वर्ष का अनुभव। (वांछनीयः विधि स्नातक योग्यताधारी को वरीयता)।
7. मैकेनिकल सुपरवाईजरः सम्बन्धित ट्रेड में आई.टी.आई. प्रमाण पत्र तथा 02 वर्ष का कार्यानुभव।
8. चालकः साक्षर। एच.टी.वी./एल.एम.वी. वाहन चालन का मान्य लाईसेंस।
9. कनिष्ठ भण्डारकः मान्यता प्राप्त इण्टरमीडिएट कामर्स एकाउन्टैन्सी के साथ। कम्प्यूटर का ज्ञान तथा कम्प्यूटर पर हिन्दी तथा अंग्रेजी की टाइपिंग को न्यूनतम योग्यता के अतिरिक्त अनिवार्य योग्यता माना जाएगा।
10. कम्पाउन्डरः हाईस्कूल उत्तीर्ण। स्टेट एनिमल हसवेन्ड्री डिपार्टमेंट में वैटरिनरी कम्पाउन्डर/स्टॉकमैन प्रशिक्षण में डिप्लोमा। वैटनरी हास्पिटल में कार्य अनुभवी को वरीयता।
11. ट्रैक्टर ऑपरेटरः साक्षर, वाहन चालन का वैध लाईसेंस तथा ट्रैक्टर चालन का 5 वर्ष का अनुभव।
12. वास्तुविद सहायकः मान्यता प्राप्त संस्थान से आर्किट्रैक्चरल असिस्टेंटशिप में 3 वर्षीय डिप्लोमा अथवा ड्राफ्टसमैनशिप सिविल में डिप्लोमा अथवा ड्राफ्टसमैनशिप में आई.टी.आई. प्रमाण पत्र के साथ 15 वर्ष का कार्यानुभव।
13. फैरोप्रिंटरः सम्बन्धित ट्रेड में आई.टी.आई. प्रमाणपत्र।
14. जिल्दसाजः जूनियर हाईस्कूल तथा हर प्रकार की बुक बाइन्डिग कार्य का 03 वर्ष का अनुभव।
15. फार्म पर्यवेक्षकः कृषि स्नातक के साथ 02 वर्ष का कार्यानुभव अथवा कृषि में डिप्लोमा के साथ 05 वर्ष का कार्यानुभव।
16. बीज परीक्षण सहायकः अनिवार्यः– कृषि अथवा वनस्पति विज्ञान में स्नातक। वांछनीयः– सीड टेस्टिंग लेबोरेटरी में कार्य करने का अनुभव या सीड प्रोडक्शन टैक्नालॉजी के साथ स्नातक उपाधि।

चयन प्रकिया :– अभ्यर्थियों के चयन हेतु 150 अंकों की एक लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान और सामान्य अध्ययन से सम्बन्धित 50 अंकों का एक प्रश्न पत्र और सम्बन्धित पद की न्यूनतम अर्हता से सम्बन्धित विषयों का 100 अंकों का द्वितीय प्रश्नपत्र होगा एवं प्रश्नपत्र मूल्यांकन में प्रत्येक सही उत्तर का एक अंक व प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/4 ऋणात्मक अंक दिये जायेंगे। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की श्रेष्ठता सूची बनाकर वि0वि0 अधीनस्थ कर्मचारी सेवानियमावली में उल्लिखित प्राविधानों/इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त आदेशों के अन्तर्गत नियुक्ति प्रकिया सम्पन्न की जायेगी।

संस्थापनाधिकारी

155

आवेदन पत्र का प्रारूप

गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर, जिला ऊधम सिंह नगर –263145, उत्तराखण्ड

विज्ञापन सं0, बैंक ड्राफ्ट/नकदी रसीद सं0, दिनांक, पासपोर्ट आकार के दो सत्यापित फोटो, 1. पद का नाम एवं वेतनमान 2. प्रार्थी का नाम 3. माता–पिता/पति का नाम 4. जन्मतिथि: अंकों में, शब्दों में 5. राष्ट्रीयता 6. पत्र व्यवहार का पूरा पता टेलीफोन नं0 सहित 7. स्थाई निवास का पूरा पता मोबाइल सं0 8. क्या आप उत्तराखण्ड की अनु0जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों/समाज के दिव्यांग अभ्यर्थी/भूतपूर्व सैनिक या उत्तराखण्ड राज्य आदोन्लनकारियों से सम्बन्धित है, हॉ /नहीं, यदि हॉ तो उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्धारित प्रमाण पत्र संलग्न करे। 9. शैक्षिक/तकनीकी योग्यताऐं, जिसमें परीक्षा/श्रेणी/ उत्तीर्ण वर्ष का पूर्ण विवरण हो। 10. रोजगार अभिलेख जैसे नियोक्ता का नाम, पदनाम, वेतनमान, कार्यावधि, किए गए कार्य का विवरण, छोड़ने का कारण। 11. विश्वविद्यालय में कार्यरत संबधियों का विवरण यदि कोई हो, नाम, पद, विभाग जहॉ कार्य कर रहे हैं, अभ्यर्थी से संबंध 12.(अ) क्या आप कभी गिरफ्तार/बंदी बनाए गए हैं अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किए गए हैं। (ब) क्या आप कभी इस विश्वविद्यालय द्वारा दंडित किये गए। (स) क्या आप किसी सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था से पदच्युत/सेमवामुक्त किए गए। यदि हॉ तो कृपया पूर्ण विवरण दीजिए। 13. सेवायोजन पंजीकरण संख्या, पंजीकरण का दिनांक एवं पंजीकरण की वैधता तिथि। घोषणाः मैं घोषित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सूचनाऐं मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण हैं तथा कोई तथ्य छिपाया/गलत ढंग से प्रस्तुत नही किया गया है। यदि किसी समय यह पाया जाए कि मैंने कोई सूचना छिपाई/गलत ढंग से प्रस्तुत की है तो मेरी सेवाऐं बिना किसी नोटिस एवं क्षतिपूर्ति के समाप्त की जा सकती है। यदि मेरी नियुक्ति आवेदित पद पर होती है तो मैं विश्वविद्यालय द्वारा नियत कार्य को सम्पादित करूँगा/करूँगी।

दिनांक, प्रार्थी/प्रार्थिनी के हस्ताक्षर।